एक नजर में

## प्रत्येक शिष्य को लगाना चाहिए एक पेड़ .पं .चतुर्वेदी



**बुरहानपुर।** शिवधाम गुरूजी पं योगेश चतुर्वेदी ने बताया की गुरु जीवन को अंधकार से प्रकाश की और ले जाते हैए एवं जीवन को जीने की कला सिखाते है इसलिए हमें गुरु का अनुसरण करना चाहिए उनकी दिखाई गयी रहो पर चलना चाहिए न की अंध भक्ति मे पढ़ना चाहिएए हमें गुरु को तो मानना लेकिन उससे ज्यादा गुरु की बातो का अनुसरण करना चाहिए एवं विवेक एवं बुद्धि से गुरु की बातो का अनुसरण करना चाहिए। पं योगेश गुरूजी ने बताया की आज प्रतिवर्षनुसार शिष्यों एवं गुरु द्वारा शिवधाम परिसर मे वृक्षारोपण किया गया ।हजारों गुरु लाखो शिष्य एवं एक पेड़ यदि सभी शिष्य यह कार्य करने लगे तो यह धरती माँ हरिभरी हो जाएगी साथ ही प्रकुती का साथ साथ गुरु का ऋण भी उतर जायेगा।

## श्रमिकों को बकाया वेतन का कराया भुगतान



**बुरहानपुर।** म.प्र.पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लि. बुरहानपुर के अधिन संविदा संस्थान जो ए.वन फेसैनिटी एवं प्रापर्टी प्रा.लि.मुबई के माध्यम से कार्यरत 556 आउटसोर्स कर्मकारों को निश्चित समयावधि में वेतन भुगलान नहीं किये जाने की स्थिति कर्मकारों व्दारा श्रम पदाधिकारी के संजान में लाये जाने पर श्रम पदाधिकारी व्दारा त्वरित रूप से वेतन भुगतान अधितियम 1936 की धारा 3 तथा धारा 5,1 के उल्लघन के लिए कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया जाकर निर्देशित किया गया कि वे तत्काल माह मई.2025 के बकाया वेतन की राशि भुगतान करें।सविदा सस्थान व्दारा कुल 305 कर्मकारों को दकाया वेतन की राशि कुल 35,64,537/–रुपये त्वरित रूप में भुगतान की गई। जिससे समस्त फार्मकारों में खुशी की लहर व्याप्त हो गई। श्रम पदाधिकारी कन्हैयालाल मोरे व्दारा बताया गया कि अधिनियम के प्रावधान अनुसार नियोजित कर्मकारों की संख्या 500 से अधिक किन्तु 1000 से कम होने की स्थिति में नियोक्ता का यह दायित्व है कि वह नियोजित कर्मकारों को प्रतिमाह के वेतन की राशि आगामी माह के 07 तारीख तक अनिवार्य रूप से भुगतान करें।उल्लंघन की स्थिति में अधिनियम की धारा 5,1 के उल्लंघन के लिए आपराधिक प्रकरण माननीय न्यायालय में दायर किया जाना प्रावधानित है। इस संबंध में संविदा सस्थान ए.वन फैसेलिटी एवं प्रापर्टी प्रा.लि1मुबई की निर्देशित किया गया है कि वह अधिनियम के प्रावधान अनुसार नियोजित कर्मकारों को वेतन का भुगतान निश्चित समयावधि में करें अन्यथा की स्थिति में अधिनियम की दण्डनीय धारा 20 से आपराधिक प्रकरण मान.न्यायालय में दायर किया जा सकेगा।

## गुरुपूर्णिमा पर ग्रन्थ भेंट



**बुरहानपुर।** साहित्य समाज को दिशा देता है। उसमें भी जो साहित्य जीवन मूल्यों से समन्वित होता है वह जन.जन के लिए उपयोगी होता है। भारतीय संस्कृति में साहित्य सदा से पूज्य एवं साहित्यकार सदा सम्माननीय माना गया है। मुझे प्रसन्नता है कि कर्मयोगी डॉ.सुरेन्द्र जैन भारती निरन्तर साहित्य सृजन कर श्रुत की समृद्धि में संलग्न हैं। यह विचार संभाजीनगर में विराजमान जैन आचार्य डॉ.प्रणामसागर जी महाराज ने जैन समाज के युवा सर्वश्री संदीप ठोल्या,प्रवीण गंगवाल,दिलीप कासलीवाल के द्वारा आचार्य श्री को डॉ.सुरेन्द्र जैन भारती द्वारा रचित साहित्य भेंट करने पर व्यक्त किये। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष गुरु पूर्णिमा पर यह युवा आचार्य श्री से आशीर्वाद लेने के लिए जहाँ वे चातुर्मास करते हैं,वहाँ जाते हैं।

**गुरुपूर्णिमा पर शांतिधारा एवं गुरुपूजन :–** श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में गुरुपूर्णिमा पर शांतिधारा एवं गुरुपूजन का कार्यक्रम किया गया। डॉ.सुरेन्द्र जैन भारती,अरविन्द जैन,सन्तोष जैन, विशाल जैन ने शांतिधारा की , देव.शास्त्र.गुरु पूजन में सर्वश्री धरमचन्द पाटौदी,महावीर सोनी, पवन जैन ठोल्या, शेखरचन्द ठोल्या, पंकज कासलीवाल,ज्योति पहाड़िया, भागचन्द जैन आदि सहभागिता की और इन्दभूति गौतम शिष्य तथा गुरु के रूप में तीर्थंकर महावीर भगवान् को नमन किया।

## राजस्थानी भवन में गुरुपूर्णिमा उत्सव मनाया गया



**बुरहानपुर।** राष्ट्रिय संत प.पु.108 स्वामी श्री भरतदासाचार्य जी महाराज वृन्दावन के शिष्यों द्वारा राजस्थानी भवन में गुरुपूर्णिमा उत्सव मनाया गया स गुरुपूर्णिमा के अवसर पर गुरुदेव के तेलचित्र के चरणों में श्रद्धा सुमन गुरुपूजा आरती पुष्पांजली व् प्रसाद वितरण किया गया। शिष्य रामकुमार अग्रवाल ने बताया की कार्यक्रम की शुरुवात वैदिक मंत्रोच्चार व् गुरुवन्दना से हुई स शिष्य महेंद्र पारिक ने अवगत कराया की गुरु केवल ज्ञान के स्त्रोत होते है बल्कि जीवन को दिशा वाले पथ प्रदर्शक भी होते है।गुरुओ का आशीर्वाद जीवन में अंधकार को दूर कर आत्म प्रकाश की और ले जाता है । इस गुरुपूर्णिमा उत्सव के अवसर पर श्रद्धा आस्था एवं आत्मिक पूजा का अद्भुत संगम देखने को मिला । कार्यक्रम में कमलनयन लाठ,डॉ मनोज अग्रवाल ,रामेश्वर मंत्री ,पवन मोदी ,हरिप्रसाद लखोटिया,राजेंद्र जोशी,विष्णु शर्मा सहित अनेक गुरु भक्त उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन गुरु की सामूहिक प्रार्थना के साथ हुआ।

## अधोसंरचना कार्यो, निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक

**बुरहानपुर।** गुरुवार को कलेक्टर श्री हर्ष सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागृह में अधोसंरचना कार्यो तथा निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से जिले में हो रहे निर्माण कार्यों की बारी.बारी से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधितो को निर्देशित करते हुए कहा कि समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण किये जाए। वहीं उन्होंने कहा कि सड़कों का मरम्मत कार्य प्राथमिकता के साथ किया जाए और समय.समय पर उसका विजिट कर रिर्पोट भी प्रेषित करे।

बैठक में पीआईयू विभाग को निर्देश दिए गए किए शेष कार्यो को जल्द पूर्ण करे और पूर्ण किये जाये व कार्यों की मॉनिटरिंग भी की जाए। वहीं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग को निर्देशित किया किए आपके द्वारा किये जा रहे निमार्ण कार्यों की गुणवत्ता का ध्यान रखें तथा शेष कार्यो को भली प्रकार से पूर्ण किया जाए।

# बालिका के साथ दुष्कर्म कर हत्या के मामले में आरोपी को दोहरा आजीवन कारावास

**आरोपी गौरव उर्फ खुशाल को धारा 5/6 पास्को एक्ट दोहरा आजीवन कारावास शेष जीवन काल के लिये कारावास एवं 14000 रूपये अर्थदण्ड**



**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर के महत्वपूर्ण बहुचर्चित एवं चिन्हित प्रकरण 07 साल कि बालिका के साथ दुष्कर्म कर हत्या करने वाले आरोपी को दोहरा आजीवन कारावास शेष जीवन काल के लिये कारावास एवं 14000 रूपये अर्थदण्ड से दंडित किया गया ।

प्रकरण में विशेष लोक अभियोजक/अति.जिला लोक अभियोजन अधिकारी रामलाल रन्धावे द्वारा अभियोजित महत्वणपूर्ण बहुचर्चित एवं चिन्हित प्रकरण में विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट जिला बुरहानपुर द्वारा आरोपी गौरव उर्फखुशाल को धारा 5/6 पास्को एक्ट आजीवन कारावास शेष जीवनकाल के लिये एवं 5000 रूपये अर्थदण्ड,धारा 302 भादवि मे आजीवन कारावास शेष जीवनकाल के लिये एवं 5000 रूपये अर्थदण्ड,धारा 363 एवं 201 भादवि मे 05.05 वर्ष कारावास एवं 2000.2000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया।

विशेष लोक अभियोजक अति.जिला लोक अभियोजन अधिकारी रामलाल रन्धाावे ने बताया कि कि मर्तिका का की मां थाने आ कर इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई की दिनांक 18/0 5/2024 को मेरी लड़की मर्तिका आंगनबाड़ी गई थी आंगनबाड़ी से घर आ गई थी जो दोपहर में ढाई बजे घर के बाहर खेलने जाने का बोल कर गई थी जो वापस नहीं आई हमने अडोस पड़ोस में रिश्तेदारों में पता किया इसका कोई पता नहीं चल कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर अपने साथ ले गया होगा जिस पर से थाना शिकारपुरा मैं अपराध क्रमांक 262/2024 अंतर्गत धारा 363 भारतीय दंड सहिता के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई ।अनुसन्धान के दौरान दिनांक 20/05/2024 उनके घर के पीछे खंडर मकान की झाड़ियां में मर्तिका की लाश मिली जिसे मार्तिका के परिवार वालों ने पहचान की उसके पश्चात मर्तिका का मर्ग इंटीमेशन लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया अनुसंधान के दौरान पाया गया कि अभियुक्त गौरव मर्तिका को अपने साथ उसके घर मैं लेजाकर मर्तिका के साथ दुष्कर्म कर और मर्तिका का रस्सी से गला घोंट कर उसकी हत्या कर लाश को उसके घर के पीछे खंडहर मकान में फेंक दिया था और उसके ऊपर छुपाने के लिए हरी नेट फेंक दी थी। अनुसन्धान के दौरान साक्ष्य के आधार पर धारा 302, 376 एबी ,201 भारतीय दंड सहिता एवं 5एम/6 पोक्सो एक्ट बढ़ाई गई और अनुसन्धान पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय मैं पेश किया गया

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक जिला बुरहानपुर द्वारा उक्त प्रकरण को चिन्हित प्रकरणों की सूची में रखा गया था। प्रकरण में शासन की ओर से सफ्लतापूर्वक पैरवी विशेष लोक अभियोजक,अति. जिला लोक अभियोजन अधिकारी रामलाल रन्धावे द्वारा की गई जिसके पश्चात मान. न्यायालय द्वारा आरोपी गौरव उर्फखुशाल को धारा 5/6 पास्को एक्ट आजीवन कारावास शेष जीवनकाल के लिये एवं 5000 रूपये अर्थदण्ड,धारा 302 भादवि मे आजीवन कारावास शेष जीवनकाल के लिये एवं 5000 रूपये अर्थदण्ड,धारा 363 एवं 201 भादवि मे 05.05 वर्ष कारावास एवं 2000.2000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया

## अवैध शराब विक्रय करने वालो के विरुद्ध थाना खकनार की प्रभावी कार्यवाही



**101 पेटीया,कुल 909 लीटर अवैध शराब जप्त,कुल किमती 6 लाख से अधिक ।**

**खकनार।** पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पाटीदार व्दारा अवैध शराब के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया था । श्रीमान के निर्देशो के पालन में अतिण् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अंतरसिंह कनेश एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नेपानगर निर्भयसिंह अलावा के मार्गदर्शन में दिनांक 10/07/2025 को थाना प्रभारी अभिषेक जाधव को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई की गोकुल पिता जगन्नाथ पाटील निवासी ग्राम निंमदंड ने अपने खेत मे बने टीन वाले टापरे में भारी मात्रा में अवैध शराब रखी है जो कि बैचने के फिराक में है ।

सूचना पर उनि रामेश्वर बोकिरया के साथ विशेष टीम गठीत कर मय पंचानो के मुखबीर व्दारा बताये स्थान गोकुल पाटील का खेत निमदंड टीन वाले टपरे पर पहुँचे, जहां एक व्यक्ति दिखाई दिया, जिसे घेराबंदी कर पकडा, उसका नाम पता पुछते अपना नाम गोकुल पाटील पिता जगन्नाथ जाति गुर्जर उम्र 54 साल निवासी गुर्जर मोहल्ला ग्राम निमदंड का होना बताया ,बाद खेत मे बने टीन वाले टपरे का ताला खुलवाकर चैक करते टपरी के अन्दर गोवा व्हीस्की शराब के क्वाटर, 81 पेटी प्रत्येक पेटी मे 50 क्वाटर,प्रत्येक क्वाटर 180 एमएल की, कुल क्वाटर 4050 नग कुल किमती करिबन 5,46,750/–रुपये के है एवं देशी प्लेन शराब के क्वाटर,20 पेटी, प्रत्येक पेटी मे 50 क्वाटर, प्रत्येक क्वाटर 180 एमएल की,कुल क्वाटर 1000 नग कुल किमती करिबन 70,000 /– रुपये के मिले ।आरोपी गोकुल पाटील पिता जगनाथ से शराब बैचने के संबंध मे लायसेंस का पुछते नही होना बताया ।आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34,2 आबकारी अधिनियम का दण्डनीय अपराध पाया जाने से पंचानो के समक्ष गोवा व्हीस्की एवं देशी प्लेन के कुल क्वाटर 50.50 नग, कुल 909 लीटर अवैध शराब कुल किमती 6,16,750/–रुपये की जप्त की गई ।बाद आरोपी गोकुल पाटील पिता जगनाथ को विधिवत पंचो के समक्ष गिरफ्तार किया गया बाद गिरफ्तार शुदा आरोपी मय जप्ती माल व हमराह फोर्स मय प्रायवेट वाहनो के वापस थाने आये ।वापसी पर अपराध क्रमांक 347/2025 धारा 34;2 आब1एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।आरोपी से अवैध शराब के संबंध में पुछताछ की जा रही है । **महत्वपूर्ण भूमिका:–** निरीक्षक अभिषेक जाधव,उनि रोमेश्वर,सउनि जगदीश मंसुरे, प्रधान आरक्षक सतीश, मेलसिंग सोलंकी,अजय अजनारे,जितेन्द्र पाल,आरक्षक जितेन्द्र चौहान, विजेन्द्र देवल्य,अनिल डावर,मंगल पालवी,सबल देवडा,गोविन्दा मुजाल्दे की सराहनीय भूमिका रही ।

## नवलसिह सहकारी शक्कर कारखाना एक बार फ़िर से राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित

**गन्ना कृषको को लाभान्वित करने हेतू गन्ना मूल्य में भारी इजाफा**



**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** नवलसिंह सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित नवलनगर बुरहानपुर को राष्ट्रीय सहकारी शक्कर कारखाना संघ नई दिल्ली द्वारा वर्ष 2023.24 हेतु वित्तिय प्रबंधन का प्रथम पुरस्कार राष्ट्रीय स्तर पर फायनेसियल मेनेजमेंट अवार्ड ,अदर रिकव्हरी झोन 3 जुलाई को आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया था। इस हेतु कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने कारखाना प्रबंधन को पुरस्कृत सम्मान स्वरूप प्राप्त ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र भेंट किया। इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने प्रशंसा व्यक्त कर बधाई भी दी गई।

कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने उक्त राष्ट्रीय पुरस्कार सम्मान को क्षेत्र के गन्ना उत्पादक कृषको एवं कारखाने के अधिकारियो, कर्मचारियों की मेहनत एवं लगन को सार्थक बताया और कारखाना सदैव अपने उद्देश्य की पूर्ति में अग्रसर रहे ऐसा प्रयास जारी है। पूर्व में भी कारखाने को सहकारिता के क्षेत्र में अग्रणी कार्य हेतु विभिन्न रूप से 18 बार पुरस्कार प्राप्त हो चुके है।

इसी कड़ी को आगे बढ़ाने के क्रम में कारखाने के माध्यम से क्षेत्र के आर्थिक विकास को दृष्टिगत रखते हुए वर्तमान कारखाना प्रबंधन द्वारा कृषको के हित में गन्ने के मूल्य में भारी इजाफ़ किया गया। साथ ही क्षेत्र में अधिक से अधिक गन्ने का रकबा बढ़ाने को दृष्टिगत रखते हुए आगामी वर्ष 2026.27 हेतु गन्ने का न्यूनतम मूल्य 4075/–प्रति टन घोषित कर क्षेत्र के किसानों से आव्हान किया है कि वे अधिक से अधिक गन्ना बुआई कर अधिक से अधिक स्वयं आर्थिक लाभ ले एवं क्षेत्र के आर्थिक विकास को मजबूत करें। कृषकों की सहायता हेतु कारखाने द्वारा गन्ना कृषक सहायता दूरभाष नम्बर 7972260532 पर संपर्क कर कृषक गन्ना बुआई एवं गन्ना फ़सल के सबंध में उचित मार्ग दर्शन प्राप्त कर सकते है।

## कांग्रेस जिला प्रभारी पहुंचे इच्छा देवी मंदिर



**नवभारत न्यूज,**

**ईच्छापुर ।** बुधवार कांग्रेस के जिला प्रभारी व पूर्व विधायक ग्यारसिलाल रावत जी ने इच्छा देवी मंदिर पहुंचकर मां इच्छादेवी का पूजन और आरती की और जिले की सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट ने उनका स्वागत किया।

इस दौरान पूर्व विधायक रविंद्र महाजन,कांग्रेस जिला सचिव आशीष भगत,डॉक्टर रामाकांत पाटील, अनिल हवेलीवाले,संजय सपकाले, भागवत महाजन,ओम प्रकाश सिंह, रामभाऊ यावतकर,सुरेश ताटे व मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष व सदस्य आदि उपस्थित थे।

## विट्ठलेश्वर महादेव में दहिहंडी उत्सव आज



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** श्री पंढरीनाथ विठ्ठल मंदिर , बाड़ी की पोल,बुरहानपुर में विठ्ठलेश्वर महादेव के आशीर्वाद से विगत परंपरानुसार आषाढ़ कृष्ण पक्ष,पड़वा पर दहीहंडी का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। मंदिर समिति ने सभी भक्त2ों से सहपरिवार पधारकर पुण्य आशीर्वाद का लाभ प्राप्त करने की अपेक्षा की है। यह आयोजन अंतर्गत भजन 11 जुलाई,शुक्रवार, शाम 7 बजे होगा। एवं दहीहंडी का कार्यक्रम रात 8 बजे प्रारम्भ होगा।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम : भारत का मतदाता होना गर्व का विषय

**नवभारत न्यूज, नेपानगर।** शासकीय कॉलेज में गुरूवार को प्राचार्य डॉ मनीषा साकल्ले के मार्गदर्शन में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। चंद्रपाल सिंह रावत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत विश्व का सबसे बडा लोकतांत्रिक देश है। यहां विश्व की सबसे अधिक जनसंख्या निवास करती है। भारत का मतदाता होना गर्व का विषय है। जिन विद्यार्थियों की उम्र 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी हैं,वह सबसे पहले अपना वोटर आईडी बनवाएं मतदाता सूची में नाम जूडवाएं और विश्व के सबसे लोकतंत्र में भाग लेकरए मतदान कर यज्ञ रुपी चुनाव में अपनी आहुति अवश्व डालें।



**हर विद्यार्थी बालिग होते ही बनाए अपना वोटर आईडी :–**योहन परिहार ने कहा कि जिन विद्यार्थियों ने अपना वोटर आईडी नहीं बनाया और 18 वर्ष पूर्ण कर चुके हैं वे वोटर आईडी के लिए निर्धारित प्रारुप 06 भरकर अपना वोटर आईडी अनिवार्य रुप से बनवाएं और जब भी चुनाव हो तब मतदान करने अवश्य जाएं। एक स्वस्थ्य लोकतंत्र के लिए प्रत्येक नागरिक द्वारा वोट डालना अनिवार्य है। प्रत्येक व्यक्ति द्वारा मतदान करने से स्वस्थ्य लोकतंत्र का चुनाव होता है।

## योगाचार्य सचिन गुप्ता का साधको द्वारा शाल, श्रीफल एवं पुष्पहार द्वारा स्वागत

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** शहर के मध्य भाग में स्थित आशीर्वाद हॉस्पिटल के पीछे गंगा गार्डन में संचालित नियमित योग शिविर के योगाचार्य श्री सचिन गुप्ता का गुरूपूर्णिमा के अवसर पर केंद्र के साधकों ने शानदार स्वागत सत्कार कर उनका आशिर्वाद लिया तथा मिठाई भी बांटी। साथ ही इंदिरा कॉलोनी स्थित नियमित संध्या योग शिविर संचालिका / योग शिक्षिका श्रीमती प्रिती जगनानी का भी स्वागत सत्कार किया गया। इस अवसर पर इस शिविर के मुख्य कर्ता सत्यनारायण लड्ढा,पुर्व निगम चेयरमैन सवितादेवीं राठौर, नंदकुमार शाह ,विमलेश साहू, भिमराज महाजन,दिनेश महाजन, मनीष रघुवंशी ,मनीष भगत,हेमंत पाटिल, लकी बंटी जमाले,गणेश जमाले, शैलेंद्र जाडिया,मुकेश महाजन, पप्पू भगत,संदेश जैन,मनोज महाजन,योगेश आमोदे, गोलू जैसवाल, मातृशक्ति साधिकाएं और गणमान्य साधकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। ज्ञात हो कि योगाचार्य सचिन गुप्ता विगत कई वर्षों से इस शहर को नि:शुल्क योग प्रशिक्षण देते आ रहे हैं। इनकी लगन और कर्तव्यनिष्ठा को देखते हुए इन्ही के साधकों ने डॉ . श्रीमती कृतिका तारवाला से आग्रह कर आशीर्वाद हॉस्पिटल के पीछे स्थित गौशाला गंगा गार्डन उपलब्ध करवाया। जहां विगत कई महीनो से नियमित योग संचालित हो रहा है।



## संयुक्त दल द्वारा विभिन्न पेट्रोल पंपों की जांच



**बुरहानपुर।** कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देश पर अपर कलेक्टर वीरसिंह चौहान,डिप्टी कलेक्टर राजेश पाटीदार,तहसीलदार, नाप तौल निरीक्षक,जिला आपूर्ति अधिकारी, कनिष्ट आपूर्ति अधिकारी अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से जिले के विभिन्न पेट्रोल पंपो का निरीक्षण किया गया। संयुक्त दल द्वारा अग्रवाल पेट्रोल पम्प, हरि ओम पेट्रोलियम फोपनार, राज किसान सेवा केंद्र जसोंदी एवं आदि पेट्रोल पंपों पर भूमिगत टेंको में पानी,अन्य अपमिश्रण की स्तिथि, शौचालय, हवा भरने की मशीन, पेयजल ,साफ सफाई, स्टॉक वेरिफिकेशन,5 लीटर के माप से डिलीवरी का सत्यापन, ईंधन की गुणवत्ता,मात्रा, सुरक्षा मानकों आदि की जाँच की गई।

**गुरु पूर्णिमा उत्सव** — जिलेभर में गुरूपूर्णिमा उत्सव पर गुरूओं का सम्मान कर पाया आर्शिवाद ...

# जीवन में दीक्षा गुरु केवल एक ही होना चाहिए परंतु शिक्षा गुरु अनेक होना चाहिए . मुखियाजी

**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** आज श्री गोकुल चंद्रमा जी की कृपा से आज गुरु पूर्णिमा के पर्व पर मुझे बहुत आनंद हो रहा है जीवन में दीक्षा गुरु केवल एक ही होना चाहिए परंतु शिक्षा गुरु अनेक होना चाहिए क्योंकि दीक्षा आप जिससे लेते हो आप उनके हो गए वह आपके हो गए परंतु शिक्षा गुरु अनेक होने से आप उनसे अपने जीवन का कल्याण करने के लिए जो भी शिक्षा मिल जाए उनसे हमें प्राप्त करना चाहिए ।

भागवत भूषण श्री हरि कृष्णा भाई मुखिया जी ने सत्संग में कहा कि करता करे ना कर सके, गुरु करे सब होय, सात द्वीप नौ खंड म, गुरु से बड़ा ना कोय। गुरु गोविन्द दोऊ खड़े, काके लागूं पांय, बलिहारी गुरु आपने गोविन्द दियो बताय। गुरु से यही मांगो, के आगे ना हो कोई गलत कर्म, सबकी सेवा में, खुद के उदार में, सत्संग सिमरन में, कट जाये ये जीवन। आओ मिलकर अपने इष्ट देव का,अपने ब्रह्मज्ञान गुरु का, अपने माता पिता का, अपने शिक्षकों का, अपने कर्मप्राणी का, अपने बच्चों का, अपने सच्चे मित्रों का इत्यादि सम्मान करें, उन्हें याद करें। असली मायनों में यही सब गुरु हैं जिनके ज्ञान से, जिनके व्यक्तितव से हमें सही जीवन जीने का रास्ता मिलता आ रहा है।



आज सुबह से ही भक्तों की भिड श्री गोकुल चंद्रमा जी मंदिर में मुखिया जी का आशीर्वाद लेने के लिए लग रही थी सभी ने संध्या काल में श्री आदित्य भाई मुखिया जी एवं भागवत भूषण श्री हरि कृष्णा भाई मुखिया जी का श्रीफ्ल एवं साल से सम्मान किया एवं सभी ने उनके सत्संग सुने स्वागत करता में सीताबेन कपाड़िया विद्याबेन झरौला अनूप भाई नीरज वंदन भाई लताबेन कोठी वाला अंजलि बेन कोठी वाला रजनी भाई पारीक एवं मंदिर के सभी प्रमुख उपस्थित थे कार्यक्रम के पश्चात आरती का दर्शन हुआ एवं सभी भक्तों को आम एवं दूध का प्रसाद वितरण हुआ।

श्री आदित्य भाई ने कहा कि जिस तरह श्री सुखदेव जी के पिता व्यास भरत थे जिन्होंने भागवत होने सिखाई भागवत का दान दिया मैं भाग्यवान हूं कि मेरे पिता आज व्यास जी बनाकर मुझे भागवत का दान किया और मैं सभी भक्तों को ब्याज खाते पर बैठकर सुखदेव जी के भावना की कथा सुनाता हूं बस बारिश पर एक चार लाइन याद आ रही है वह बोलकर मैं अपने वक्तव्य को पूरा करता हूं और सभी वैष्णव का आभार व्यक्त करता हूं क्या आप दिन भर जैसा यह है समय अनुकूल हुआ आपने मंदिर में आकर मेरा और पिताजी का जो सम्मान किया उसके लिए आपकी भावना ऐसे ही प्रभु बनाकर रखें । इतनी बारीश से किसी को खुशी हुई हो या ना हुई हो पर , लकड़ी के दरवाजे और खिड़कियां फूले नही समा रहे हैं और दीवारों की आँखें नम हो गईं हैं , छतों से तो खुशी के आँसू टपक रहे हैं !

## गुरू पूर्णिमा के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज,**बुरहानपुर। गुरूवार को छत्रपति शिवाजी महाराज शासकीय महाविद्यालय में गुरू पूर्णिमा उत्सव मनाया गया।प्राचार्य डॉ. मनीषा साकल्ले के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती की फोटो पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान गायत्री परिवार खडकोद से सुन्दरलाल चौधरी ने छात्र.छात्राओं को गुरू शिष्य परम्परा की महत्ता के बारे में बताया। गुरू सादीपनी,गुरू वशिष्ठ,गुरू समथ स्वामी रामदास जी आदि अनेक गुरूओं के कारण ही भारत की महत्ता बनी हुई है। वहीं देवेन्द्र पटेल ने बताया कि हम भारतवासी पुन: अपनी प्राचीन परम्परा की ओर लौट रहे है। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष महेन्द्र कामले एवं जितेन्द्र कामले ने गुरू शिष्य परम्परा पर अपने.अपने विचार प्रकट किये। इस अवसर पर डॉ.धर्मेन्द्र वर्मा,कमलेश देपाले, डॉ.प्रमोद चौधरी, मोहम्मद कैलाश नागर,महेन्द्र कुमार राणे,अंकित चौहान,दुर्गेश सराठे,महेन्द्र लष्करें,प्रकाश भालस, विजय चौधरी सहित विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।